संख्या–cm-222
30/05/2022

मुख्यमंत्री ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2021 में सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 30 मई, 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2021 में सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस बार संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा में टॉप थ्री स्थान पर लड़कियॉ रहीं हैं। उन्होंने टॉप थ्री स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री श्रुति शर्मा, सुश्री अंकिता अग्रवाल एवं सुश्री गामिनी सिंगला को विशेष तौर पर बधाई देते हुये कहा है कि यह बेहद खुशी की बात है। देश की बेटियों की यह सफलता आधी आबादी को प्रेरणा प्रदान करेगा।

******